षष्ठम् माला, खंड I, अंक 7, शुक्रवार, 1 अप्रैल, 1977/11 चैत्र, 1899 (शक)

Sixth Series, Vol. I, No. 7, Friday, April 1, 1977 / Chaitra 11, 1899 (Saka)

# लोक-सभा वाद-विवाद
# का
# संक्षिप्त अनूदित संस्करण

# SUMMARISED TRANSLATED VERSION
# OF
# 6th
# LOK SABHA DEBATES

[ पहला सत्र
First Session ]

सत्यमेव जयते

[ खंड I में अंक 1 से 11 तक हैं
Vol. I contains Nos. 1 to 11 ]

लोक-सभा सचिवालय
नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
NEW DELHI

मूल्य : चार रुपये

Price : Four Rupees

[यह लोक सभा वाद-विवाद का संक्षिप्त अनूदित संस्करण है और इसमे अंग्रेजी, हिन्दी में दिये गये भाषणों आदि का हिन्दी/अंग्रेजी में अनुवाद है ।

This is translated version in a summary form of Lok Sabha Debates and contains Hindi/English translation of speeches etc. in English/Hindi]

# विषय सूची CONTENTS

अंक 7, शुक्रवार, 1 अप्रैल, 1977/11 चैत्र, 1899 (शक)

*No. 7, Friday, April, 1, 1977/Chaitra 11, 1899 (Saka)*


| विषय | SUBJECT | PAGES |
|---|---|---|
| शपथ लेने वाले सदस्य | Members Sworn | 1 |
| अल्प सूचना प्रश्न | Short Notice Question | 1—8 |
| विशेषाधिकार का प्रश्न | Question of Privilege— | |
| अमरीका में जुलाई, 1975 में टेलीविजन पर श्री टी० एन० कौल द्वारा की गई कतिपय टिप्पणियां | Certain Remarks by Shri T. N. Kaul on television network in U.S.A. in July, 1975 | 8-9 |
| सभा पटल पर रखे गये पत्र | Papers laid on the Table | 10—14 |
| सभा का कार्य | Business of the House— | 14 |
| श्री रवीन्द्र वर्मा | Shri Ravindra Verma | 14-15 |
| कालटेक्स [कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इंडिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] विधेयक—पुरःस्थापित | Caltex [Acquisition of shares of Caltex Oil Refining (India) Limited and of the undertakings in India of Caltex (India) Linited] Bill—Introduced | 15-16 |
| कालटेक्स [कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इंडिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] अध्यादेश 1976 के बारे में वक्तव्य—सभा पटल पर रखा गया। | Statement re. Clatex [Acquisition of shares of Caltex Oil Refining (India) Limited and of the undertaking in India of Caltex (India) Limited] Ordinance, 1976—Laid on the Table | 16 |
| उपाध्यक्ष का निर्वाचन | Election of Deputy Speaker | 16—18 |
| राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उपराष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव— | Motion of Thanks on the Address by the Vice-President acting as President | 18—21, 23—25 |
| श्री वी० पी० शास्त्री | Shri Y.P.Shastri | 18 |
| श्री के० लकप्पा | Shri K. Lakkappa | 18—20 |
| श्रीमती मृणाल केशव गोरे | Shrimati Mrinal Gore | 20-21; 23—25 |

| | | |
|---|---|---|
| श्रमजीवी पत्रकारों और गैर-पत्रकार समाचापत्र कर्मचारियों के लिये मजूरी अन्तरिम दरें निश्चित किये जाने के बारे में वक्तव्य— | Statement re. Fixation of Interim Rates of Wages for Working Journalists and Non-Journalists News paper Employee | 21 |
| श्री रवीन्द्र वर्मा | Shri Ravindra Verma | 21-22 |
| कतिपय षड़यन्त्र की जांच करने के लिये उच्च शक्ति प्राप्त समिति की नियुक्ति के बारे में संकल्प :— | Resolution re. Appointment of High Powered Committee to go into certain Conspiracy— | 25—31 |
| श्री कंवर लाल गुप्त | Shri Kanwar Lal Gupta | 26—28; 31-32 |
| श्री वसन्त साठे | Shri Vasant Sathe | 28-29 |
| श्री मधु लिमये | Shri Madhu Limaye | 29-30 |
| श्री सी० एम० स्टीफन | Shri C.M. Stephen | 30-31 |
| चौधरी चरण सिंह | Chaudhuri Charan Singh | 31-32 |
| आन्तरिक आपात स्थिति के दौरान किये गये अत्याचारों की जांच के बारे में संकल्प — | Resolution re. Probe into Atrocities committed during Internal Emergency— | 33 |
| श्री ज्योतिर्मय बसु | Shri Jyotirmoy Bosu | 33 |

## लोक सभा

## LOK SABHA

**शुक्रवार, 1 अप्रैल, 1977/11 चैत्र, 1899 (शक)**

*Friday, April 1, 1977 Chaitra 11, 1899 (Saka)*

**लोक सभा ग्यारह बजे समवेत हुई**

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

**[अध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
Mr. Speaker *in the Chair* ]

**शपथ लेने वाले सदस्य**

*MEMBERS SWORN*

**श्री एस० बी० शाह (खेड़ी)**

**श्री माधव प्रसाद त्रिपाठी (डोमरियागंज)**

**श्रीमती कमला बहुगुणा (फूलपुर)**

---

**अल्प सूचना प्रश्न**

SHORT NOTICE QUESTION

**पश्चिम बंगाल में पटसन मिलों का पुनः खोला जाना**

**अल्प सूचना प्रश्न संख्या 1. श्री धीरेन्द्र नाथ बसु : क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम बंगाल की बन्द पटसन मिलें पुनः खोली जायेंगी अथवा सरकारी नियंत्रण में ली जायेंगी; और

(ख) क्या सरकार बन्द पटसन मिलों के बेरोजगार श्रमिकों को पर्याप्त मुआवजा देने अथवा उसके लिए प्रबन्ध करने के प्रश्न पर विचार कर रही है।

**वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री (श्री मोहन धारिया) :** (क) तथा (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है।

**विवरण**

पटसन उद्योग देश का एक प्रमुख संगठित उद्योग है और राष्ट्रीय अर्थव्यस्था में इसका महत्व पूर्ण स्थान है। यद्यपि हाल में कई कारणों से देश के निर्यात व्यापार में इसका भाग घट गया है किन्तु फिर भी इसका प्रमुख स्थान है और देश की डालर के रूप में होने वाली आय में इसका काफी बड़ा भाग है। इस उद्योग के 74 एककों में लगभग 43,000 करघ लगे हुए हैं जिनमें वर्ष 1974 में विश्व उत्पादन का लगभग 32 प्रतिशत उत्पादन किया गया और जिनके द्वारा पटसन माल के विश्व निर्यात का लगभग 46 प्रतिशत निर्यात किया गया। इस उद्योग में लगभग 300 करोड़ रुपए की कुल पूंजी लगी हुई है और लगभग ढाई लाख कर्मचारियों को रोजगार मिला हुआ है। इसके अलावा, पटसन की खेती से लगभग 40 लाख खेतिहर परिवारों की रोजी चल रही है।

अधिकांशतः पटसन उद्योग की अच्छी स्थिति उसके बाहरी बाजार पर निर्भर करती है। हाल में पटसन का हमारा विदेशी बाजार इतना घटा है कि उससे स्थिति बिगड़ी है। मंदी के अलावा संश्लिष्ट पदार्थों से तथा अन्य पटसन उत्पादक देशों से प्रतियोगिता के कारण इस उद्योग की कठिनाई और भी बढ़ी है। पटसन उद्योग की वर्तमान स्थिति के कुछ जाने माने कारण है : आधुनिकीकरण, अनुसंधान और विकास के लिए पूंजी निवेश का अभाव तथा पुरानी परिवार आधारित प्रबंध प्रणाली। कई कारणों से पटसन उद्योग गंभीर स्थिति से हो कर गुजर रहा है।

30 दिसम्बर, 1976 को काम रुकने की वजह से नीचे लिखी पटसन मिलों पर प्रभाव पड़ा —

1. खारदाह जूट मिल
2. यूनियन जूट कम्पनी
3. भारत जूट मिल
4. बैवर्ली
5. नपफरचन्द्र
6. एलैक्जेंडर
7. कैल्विन
8. राय बहादुर हरदत्तराय मोतीलाल जूट मिल में 18–10–76 को पुनः उत्पादन का काम आरंभ हो गया किन्तु 25 दिसम्बर, 1976 से उस पर काम बंद होने का प्रभाव पड़ा।

30 दिसम्बर, 1976 को वाणिज्य मंत्रालय के अपर सचिव श्री पी० के० कौल की अध्यक्षता में एक समिति यह सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई कि जिन बंद पटसन मिलों को दुबारा खोला जा सकता है वे कार्य करना आरंभ कर दें। समिति ने काम बंद होने के मामलों की जांच की है और प्रभावित पटसन मिलों की समस्याओं का अध्ययन करके केस तैयार कर रही है।

कैल्विन जूट मिल तथा बैवर्ली जूट मिल ने क्रमशः 1–2–77 तथा 31–1–77 से उत्पादन पुनः शुरु कर दिया। इसके अतिरिक्त किन्निसन जूट मिल भी, जो कि बन्द होने की स्थिति में पहुंच गई थी, फिर से चालू हो गई है।

यह समिति बहुत सी बैठकें करती रही है और इन प्रभावित पटसन मिलों को फिर से खोलने के लिए आवश्यक सभी वित्तीय प्रबन्ध जोड़ने की कोशिश कर रही है। समिति के कार्य को और भी सक्रिय बनाया गया है। समिति ने सम्बन्धित बैंकों से तथा साथ ही भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक एवं भारतीय रिजर्व बैंक के साथ बातचीत की है। इस बात पर सिद्धान्त रूप में आमतौर पर सहमति व्यक्त की गई है कि जिन मिलों को पुनः चलाया जा सकता है उनके मामले में मिल चालू करने के खर्चों तथा अतिरिक्त मार्जिन आवश्यकताओं की व्यवस्था भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण निगम द्वारा की जाएगी। इस पर सिद्धान्त रूप में सहमति हुई है कि कार्यकारी पूंजी की आवश्यकताओं की व्यवस्था सम्बन्धित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा की जाएगी और आधुनिकीकरण नवीकरण तथा बैलैंसिंग आदि के लिए पूंजी संबंधी आवश्यकताओं की व्यवस्था भारतीय औद्योगिक वित्त निगम द्वारा की जाएगी। खारदाह जूट मिल, यूनियन जूट कम्पनी तथा एलैक्जेंडर जूट मिल को पुनः खोलने के मामले विचार की अन्तिम अवस्था में हैं।

बिहार की राज्य सरकार से राय बहादुर हरदत्तराय मोतीलाल जूट मिल की जीवन-क्षमता का अध्ययन करने के लिए कहा गया है ताकि अगर वह मिल जीवन-क्षम पायी जाए, तो इस जूट मिल को पुनः चालू करने के लिये संस्थागत वित्त प्राप्त कर सकें।

नफ्फरचन्द्र जूट मिल को फिर से चालू करने के लिए कुछ रियायती वित्त की व्यवस्था करने के लिए बातचीत शुरु की गई है।

काम बन्द होने से प्रभावित औद्योगिक कर्मचारियों को स्वीकार्य राहत देने का प्रश्न उनकी अपनी-अपनी राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है।

**श्री धीरेंद्र नाथ बसु :** क्या सरकार पश्चिम बंगाल उन बेरोजगार श्रमिकों को, जो पटसन मिलों के बंद रहने के दौरान बेकार रहे, मुआवजा देने की बात पर विचार कर रही है?

**श्री मोहन धारिया :** मैंने वक्तव्य में कहा है कि ग्यारह पटसन मिलें पश्चिम बंगाल में और एक मिल बिहार में बंद है। उन्हें खोलने के सभी प्रयास किये जा रहे है। इसी सन्दर्भ में श्री कौल को सभापतित्व में नियुक्त समिति का मैंने उल्लेख किया था। सभा को यह जानकर खुशी होगी कि वेवरले मिल्ज ने 31 जनवरी, 1977 से और कैल्विन मिल्ज ने 1 फरवरी, 1977 से काम आरम्भ कर दिया है। इसके अतिरिक्त खरडाह जूट कम्पनी, अलेक्जेंडर, तथा यूनियन जूट कम्पनी के साथ वार्ता काफी आगे तक पहुंच गई है क्योंकि सरकारी वित्तीय संस्थान इन्हें सहायता देने के लिए सहमत हो गये है। हम पूरी कोशिश कर रहे है ताकि श्रमिकों और उत्पादन का नुक्सान न हो।

**श्री धीरेंद्र बसु :** क्या मंत्री महोदय पश्चिम बंगाल में पटसन की मिले बंद किये जाने की जांच करायेंगे।

**श्री मोहन धारिया :** महोदय, मैंने उत्तर में बताया है कि आधुनिकीकरण, अनुसन्धान और विकास के लिए निवेश की कमी और समय के साथ अनुपयोगी हो गई पारिवारिक प्रबन्ध व्यवस्था के फलस्वरूप पटसन उद्योग में यह स्थिति पैदा हुई है। मेरा मंत्रालय सारे मामले की जांच करेगा।

**श्री चित्त बसु :** क्या सरकार को पता है कि पश्चिम बंगाल में पटसन उद्योग गम्भीर रूप से संकटग्रस्त है? क्या सरकार सार मामले पर गहराई से विचार करेगी? निस्सन्देह पुरानी सरकार ने एक समिति नियुक्त की थी और उसके परिणाम अच्छे नहीं निकले। क्या सरकार इस उद्योग में संकट के

अध्ययन और उससे छुटकारा पाने के लिए सुझाव देने हेतु एक अन्य समिति नियुक्त करेगी ? मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि क्या सरकार श्रमिकों, पटसन उत्पादकों तथा देश की अर्थ व्यवस्था के हित में पटसन उद्योग का राष्ट्रीयकरण करने पर विचार कर रही है ? क्या यह सच है कि पिछले कुछ महीनों के दौरान लगभग 80,000 श्रमिकों की नौकरी चली गई ? सरकार उन्हें क्या राहत देने जा रही है ? क्या यह भी सच है कि इस उद्योग में बहुत से बदली कर्मचारी भी काम करते है ? सरकार उन्हें स्थायी रूप से नौकरी देने के लिए क्या विचार कर रही है ?

**श्री मोहन धारिया :** महोदय यह कहना तो अन्याय होगा कि समिति ने कोई कार्य नही किया है। मैं उसके कार्य से संतुष्ट हूं। उस मंत्रालय का भार सम्भालने के बाद मैंने समिति को और गतिशील किया है। हमने कुछ सरकारी वित्तीय संस्थाओं से भी बात की है। यह पहली बार है जब सरकारी वित्तीय सस्थाएं कच्चे पटसन की मिलों की सहायता के लिए आगे आई हैं। इस उद्योग के राष्ट्रीयकरण का कोई प्रस्ताव विचारधीन नहीं है क्योंकि केवल राष्ट्रीयकरण से इन सभी समस्याओं को नहीं सुलझाया जा सकता। श्रमिकों को राहत देने के सम्बन्ध में मेरी पूरी सहानुभूति है। पिछली सरकार को चाहिए था कि इस बारे में शीघ्र कोई कदम उठाया जाता। सभा को पता ही है कि यह उद्योग केन्द्र सरकार के अधीन न होकर राज्य सरकार के अधीन है। बदली श्रमिकों के बारे में भी राज्य सरकार को जानकारी प्राप्त करनी चाहिये। फिर भी मैं सभा को आश्वासन देता हूं कि मैं इस विषय पर राज्य सरकार से बात चीत करूंगा ताकि श्रमिकों को हानि न हो।

**श्री समर गुह :** महोदय, पटसन उद्योग की समस्या को केवल पश्चिम बंगाल की समस्या बताया जा रहा है। यह तो समूचे भारत की समस्या है क्योंकि इस उद्योग से काफी विदेशी मुद्रा कमाई जाती है और इसमें बिहार, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के हजारों श्रमिक काम करते हैं। ऐसा सन्देह है कि पुराने कांग्रेसी मंत्रियों ने सांठ गांठ करके नकली संकट पैदा किया है जिस से पटसन निगम में भी गडबड़ी आई है। क्या सरकार दो स्तरों पर जांच करायेगी ? पहली जांच तो यह होनी चाहिये कि क्या मंत्रियों ने चुनाव निधि एकत्र करने के लिए पटसन मिल मालिकों से सांठ गांठ की थी और क्या यही चीज पटसन निगम में भी हुई है ? दूसरे जो समिति नियुक्त की गई है उसका पुनर्गठन करके ऐसे विशेषज्ञ नियुक्त किये जायें जो कि केवल इस औद्योगिक संकट के कारणों की जांच करे वरन् उद्योग को बचाने पटसन की खेती में वृद्धि और उत्पादन में वृद्धि के लिए भी सुझाव दें।

**श्री मोहन धारिया :** जैसा मैंने कहा है यह देश का एक बड़ा उद्योग है। दुर्भाग्य से जो देश हमसे पटसन का आयात करते थे वे कृत्रिम सामग्री का उपयोग करने लगे है। हमारे पटसन की बाहर मांग कम होने का यह आधारभूत कारण है। विश्व में आज यह प्रवृत्ति है कि सामान बड़ी-बड़ी मात्रा में भेजा जाता है जो बड़े-बड़े डिब्बों में जाता है और छोटे-छोटे पैकटों के लिए प्लास्टिक का इस्तमाल बहुत होता है। इसलिए बाहर तो मांग कम हुई है पर देश के भीतर हम इस बात की पूरी कोशिश कर रहे है कि मांग की कमी से उद्योग को हानि न हो। प्रति एकड़ उपज बढ़ाने के लिए काफी पयत्न नहीं हुए है। हमें इस बात की जानकारी है। जहां तक सांठ-गांठका सम्बन्ध है हमें मामले की पूरी जांच करनी होगी। मैं अभी से कुछ नहीं कह सकता। कौल समिति ने अच्छा काम किया है। हम निश्चय ही आवश्यकता होने पर विशेषज्ञों की सहायता लेंगे और उद्योग से संकट समाप्त करेंगे।

**Shri Yuvaraj :** May I know whether the State Government have recommended the take over of B. M. H. Mills, Katihar ?

**Sh. Mohan Dharia** : Sir, I may call the hon. Member that we have already taken up the matter with the State Government. We are trying to reopen the Rai Bahadur Haridatt Rai Motilal Jute Mills. I hope the State Government will cooperate with us. The Public Financial Institution will also extend their help.

**श्री ज्योतिमय बसु** : निःसंदेह आप को ज्ञात ही है कि आंध्र, बिहार, असम, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के 40 लाख लोग इस उद्योग में लगे हुए हैं। 2½ लाख श्रमिकों में से अधिकांश बिहार, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा के हैं। पर इस उद्योग के 60 से 70 हजार लोगों को नौकरी से निकाला गया है। मैं जानना चाहता हूं कि अब तक कितनी मिलें बंद पड़ी हैं। 8 फरवरी, 1977 को रिहा होने के बाद मैंने प्रो० डी० पी० चट्टोपाध्याय, वाणिज्य मंत्री से पूछा था कि क्या हो रहा है तो उन्होंने वचन दिया था कि बज बज क्षेत्र में कम से कम दो मिलें खुलवाने के प्रयत्न हो रहे हैं। उस बारे में अब तक क्या किया गया है?

आई डी बी आई भी पटसन, इंजीनियरी और कपड़ा उद्योग को नर्म शर्तों पर ऋण दे रहा है। क्या यह सच नहीं कि इंडियन जूट मिल्स एसोसिएशन ने यू० पी० चुनावों के दौरान 2 करोड़ रुपया और हाल ही के चुनावों के दौरान 5 करोड़ रुपया आप से पहले वाले मंत्री को दिया था। अब एक अरब रुपया आधुनिकीकरण के लिए दिया गया है। आधुनिकीकरण क्या है। केवल रोजगार के अवसर कम करने का साधन है। क्या यह हमारी परिस्थितियों के अनुकूल होगा?

निर्यात शुल्क समाप्त किया गया है। पटसन से हम विदेशी मुद्रा कमाते हैं। अतः जिन लोगों को नौकरी से निकाला गया है उनके बारे में आप जिम्मेवारी से बच नहीं सकते क्योंकि आप को ही लाभ पहुंचता है। विदेशी मुद्रा केन्द्रीय खजाने में ही जाती है अतः आप इसे केवल राज्य का ही उत्तरदायित्व नहीं कह सकते।

श्रमिकों की स्थिति बहुत खराब है, वे भूखे मर रहे हैं। इसलिए मिलों का राष्ट्रीयकरण करना ही एक मात्र उपाय है। अमरीका की डेडहाम अनुसंधानशाला की रिपोर्ट से पता चला है कि पटसन से वस्त्र तैयार किये जा सकते हैं। उस रिपोर्ट की सिफारिशों को कार्यान्वित क्यों नहीं किया गया।

**श्री मोहन धारिया** : पटसन मिलों की वर्तमान स्थिति, श्रमिकों की संख्या आदि के बारे में मैंने वक्तव्य में अब कुछ बताया है। राष्ट्रीयकरण वर्तमान संकट का समाधान नहीं है। मामले की गहराई में जाने की जरूरत है। मैं श्री बसु के साथ पूरी तरह सहमत हूं कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी की नवीन खोजों का लाभ उठाने की अत्यन्त आवश्यकता है ताकि पटसन की मांग को बढ़ाया जा सके।

श्रमिकों को राहत देने के मामले में मेरी श्रमिकों से पूर्ण सहानुभूति है और इस समस्या को यथाशीघ्र सुलझाया जाना है। मैं सभा को आश्वासन देता हूं कि 8 बंद मिल में कम से कम 6 मिले 3 या 4 महीनों में पुनः शुरू हो जायेंगी। लेकिन कच्चा माल जुलाई के बाद से उपलब्ध होगा। उस समय तक के लिए हमारे पास सुरक्षित भंडार भी नहीं है और आयात संभव नहीं है। फिर भी एक बार मिलें चालू हो जायें तो अन्य समस्याएं भी काफी हद तक सुलझ जायेंगी। मैं श्रम मंत्री जी से भी अनुरोध करूंगा कि वे अन्तरिम सहायता के मामले पर राज्य सरकार से बातचीत करें।

**श्री मोहम्मद शफी कुरेशी** : क्या पटसन मिलों के बंद होने से पटसन तथा पटसन से बनी वस्तुओं के निर्यात में कमी हुई है? यदि हां तो अब तक कितनी हानि हुई है?

**श्री मोहन धारिया** : मिलों के बंद होने से निर्यात में कमी नहीं हुई है। निर्यात कम होने का कारण तो मांग में कमी है।

**श्री ज्योतिमय बसु** : ऐसा जानबूझ कर किया जा रहा है?

**Shri Balbir Singh** : Will you stop using polythene bags in public sector undertakings in order to encourage exports.

**Mr. Speaker** It has no bearing on this question.

**Sh. Balbir Singh** : My question about the use of polythene bags is an important question.

**Sh. Mohan Dharia** We have abolished export duty to increase exports. Secondly polythene bags are being used in the whole world. They are used for cement as well as for fertilizers. If we do away with them, we stand to loose. We have to take all these things into account.

*(Interruptions)*

But we will make all efforts to increase jute production.

**श्री दीनेन भट्टाचार्य** : मेरा प्रश्न बहुत सीधा है। भूतपूर्व मंत्री श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय ने स्पष्ट रूप से सभा में वक्तव्य दिया था कि खारदाह जूट मिल को 6 महीने में पुनः चालू किया जायेगा। मेरा वर्तमान मंत्री जी से अनुरोध है कि उसे केवल 1 महीने में ही चालू कराने का प्रयत्न किया जाये।

**श्री मोहन धारिया** : मिल के शीघ्र चालू हो जाने से मुझे खुशी होगी। लेकिन उसमें बहुत सी कठिनाईयां है। एक मिल का मामला तो उच्च न्यायालय में पहुंच गया है।

**श्री दीनेन भट्टाचार्य**: लेकिन खारदाह मिल का मामला उच्च न्यायालय में नहीं पहुंचा है।

**श्री मोहन धारिया** : कई मिलों के दिवालिया होने सम्बन्धी कार्यवाही भी चल रही है। हम राज्यों से कह रहे हैं कि इस बारे में कार्यवाही न की जाये। कई मिलों में मरम्मत का कार्य किया जाना है। प्रबन्ध व्यवस्था से लेकर सभी चीजों में परिवर्तन करना है। पर मैं आश्वासन देता हूं कि मिलों को जल्दी से जल्दी चालू कराने के लिए यथा संभव कोशिश की जायेगी। पर हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिये उससे नुकसान हो सकता है।

**श्री एम० रामगोपाल रेडी** : मंत्री जी ने ठीक कहा है कि विदेशों में पटसन की मांग कम हो रही है। इसलिए मिलें बंद हैं। इस मांग को बढाने के लिए क्या उपाय किये जा रहें है। दूसरे कुछ लोगों ने घोटाला भी किया है ऐसा सन्देह किया जा रहा है। क्या मंत्री जी के पास कोई निश्चित रूप से जानकारी है?

**श्री मोहन धारिया** : मैंने यह नहीं कहा कि विदेशों में मांग कम होने से मिलें बंद हुई हैं। दूसरी बात कदाचारों की है तो हम उनकी जांच करेंगे। पर जैसा कि माननीय सदस्यों को पता है ऐसी साठ-गांठ के प्रमाण मिलना कठिन होता है इसलिए प्रमाण के अभाव में उनका पता लगाना बहुत मुशिकल है। हां हम भविष्य में ऐसा न होने देने की पूरी कोशिश करेंगे।

**Shri Ugrasen** : Sir, in view of the fact that jute mills in West Bengal are not beidg run smoothly, will the hon. Minister announce his Government's policy regarding nationalisation of mills ?

**Shri Mohan Dharia** : I ahave already started that nationalisation is not the soluti n of all problems. But this House can rest assured that so far as this Government is concerned there will not be any underhand dealings as in the part. Infact I have already started operations to clean the Commerce Ministry. If any officers try to indulge in anyunfair practice, all possible care will be taken to see that they do not have any place in the Commerce Ministry

**श्री के० लक्कप्पा** : अपने उत्तर में मंत्री जी ने कहा है कि राज्यों की भी अपनी जिम्मेवारी है। महोदय, क्या मैं जान सकता हूं कि राज्यों की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए उन्हें अपेक्षित वित्तीय सहायता देने के बारे में केन्द्रीय सरकार का क्या विचार है ?

**श्री मोहन धारिया** : मैंने पहले ही कहा है कि इस प्रश्न का सम्बंध रुग्ण पटसन मिलों से है। वित्तीय संस्थाओं से हमने पहले ही बातचीत कर ली है। शायद पहली बार ये संस्थाएं सहायता के लिए आगे आई हैं। इन मिलों को सभी सम्भव सहायता दी जायेगी। और राज्यों तथा केन्द्र के बीच इस मामले में दलीय राजनीति का कोई स्थान नहीं होगा। जैसा कि अब तक होता रहा है।

**Sh. Lakhan Lal Kapoor** : Bihar produces about 30 per cent of the total production of jute. May I know whether any period has been fixed to take over the Rai Bahadur Hardatt Chamia jute Mill ? Secondly, by what time the work will start on two jute Mills at Kishanganj & Forbisganj. The people engaged in jute production are incurring loss. Will the Government try to compensate them by purchasing jute through the STC ?

**Sh. Mohan Dharia** : We have entered into a dialogue with the Bihar Government, we are trying to reopen the closed jute mills as early as possible.

**श्री टी० ए० पाई** : पटसन उद्योग हमारे देश के सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्योगों में से है जिसमें लाखों श्रमिक लगे हुए हैं और उस उद्योग का भविष्य अन्तर्राष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करता है। मेरा अनुरोध है कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए एक व्यापक योजना तैयार की जाये क्योंकि अभी तक हम समय समय पर आने वाली कठिनाइयों की ओर ही ध्यान देते रहे हैं। केवल अन्तराष्ट्रीय बाजार की बात ही नहीं है बल्कि हमें देश की मांग को भी बढ़ाना है। क्या सरकार उद्योग में लगी पुरानी मशीनों की जगह नई मशीनें लगाने पर भी विचार करेंगी ? यदि आवश्यक हो तो सारे उद्योग का ढांचा पुन: तैयार किया जाये।

**श्री मोहन धारिया** : मैं सदस्य महोदय को विश्वास दिलाता हूं कि उनके सहयोग के साथ हम इस उद्योग की ओर पूरी तरह ध्यान देने के लिए उचित उपाय अपना सकेंगे।

**Sh. Hukamdev Narain Yadav**: Sir, may I know whether the Hon. Minster has prepared any scheme to run the jute mills smoothly ? The closure of jute mills worsens the conditions of farmers. Certain speedy measures should be taken in this direction.

**Sh. Mohan Dharia** : I again assure you that we shall try our best.

**श्री एस० कुंडू** : महोदय, मैंने माननीय मंत्री जी का वक्तव्य ध्यान से पढ़ा है। क्या पटसन उद्योग की स्थिति की भी आपात स्थिति का लाभ माना जायेगा। दूसरी आपात स्थिति की घोषणा के बाद से ही 50 पटसन मिलें बंद हो गयी और 80,000 श्रमिक बेकार हो गये। लगभग 16 करोड़ रुपये की मिलों को छूट दी गई। कुछ और पटसन मिलों के बंद होने की भी आशंका है। इक्नामिक टाइम्स के अनुसार हमारा पटसन का विदेशी व्यापार

[श्री एस० कुंदु]

काफी कम हुआ है। यह कहानी आपात स्थिति के दौरान की है। इसमें वास्तविकता नहीं हो सकती। आप हमें सही स्थिति बताइये।

**श्री मोहन धारिया** : पटसन मिलों की वर्तमान संकटपूर्ण स्थिति से आपात स्थिति के लाभों का पता चल जाता है। पहले इतनी गंभीर स्थिति कभी पैदा नहीं हुई थी। जहां तक और मिलों के बंद होने का प्रश्न है यदि सदस्य महोदय का संकेत आंध्र प्रदेश की ओर है जहां हड़ताल चल रही है तो मैंने राज्य सरकार से इस बारे में रिपोर्ट देने को कहा है। मुझे अभी वहां की जानकारी नहीं है।

**श्री कृष्ण चन्द्र हाल्दर** : महोदय, मिलों के बंद होने से 80,000 श्रमिक बेकार हो गये। क्या उन मिल मालिकों द्वारा अवैध ढंग से मिलें बंद करने के लिए कोई कार्यवाही की जायेगी। मैं मंत्री जी से यह भी जानना चाहता हूं कि क्या सरकार भारतीय पटसन निगम को सलाह देगी कि इन पटसन मिलों को खोलने के लिए वह कच्चे पटसन की सप्लाई करे।

**श्री मोहन धारिया** : इसीलिए मैंने अपने वक्तव्य में पटसन मिलों द्वारा काम बंद होने" शब्द का उपयोग किया है न "मिलों को बंद करना"। पता नहीं यह वैधानिक है या अवैधानिक। यह पता करना राज्य सरकार का काम है कि क्या प्रबन्धकों ने मिलों को वैधानिक ढंग से बंद किया है या वहां मजदूरों की छंटनी की गई थी और क्या कोई मुआवजा दिया गया था या नहीं। मैं तो मिलों द्वारा काम बंद किये जाने के प्रति चिंतित हूं।

**Sh. Manohar Lal** : Sir, may I know whether Government would take steps to help small scale jute mills which will benefit the cultivators ?

**Shri Mohan Dharia** : We had established the Jute Corporation to help these cultivators and for the development of jute industry. But they have not come up to the expectations. We hope the working of this Corporation will now improve.

**Shri Manohar Lal** : My question was whether the Government would help the jute industry at the small scale level also besides rendering help to the sick mills ?

**अध्यक्ष महोदय** : हमने इस अल्प सूचना प्रश्न पर काफी समय ले लिया है। क्योंकि प्रश्न काल नहीं है अतः मैंने उदारता बरती है। अब इस पर इतनी चर्चा काफी है।

---

## विशेषाधिकार का प्रश्न
## QUESTION OF PRIVILEGE

### अमरीका में जुलाई 1975 में टेलीविजन पर श्री टी० एन० कौल द्वारा की गयी कतिपय टिप्पणियां

**श्री ज्योतिमय बसु** (डायमण्ड हारबर) : अध्यक्ष महोदय नियम 222/223 के अधीन मैंने विशेषाधिकार का प्रश्न उठाने के लिए आपकी अनुमति चाही है। इस मामले में तथ्य ये हैं :—

11—7—75 को आपात स्थिति की घोषणा के बाद अमरीका में भारत के तत्कालीन राजदूत और भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के वर्तमान सभापति ने जिन्होंने आज या कल त्यागपत्र दे दिया है—अमरीका में बी० बी० सी० को एक भेंट में बताया :

> "राजनीतिक नेताओं को जेल नहीं भेजा गया बल्कि घरों में नजरबंद किया गया है।"

सत्य को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की यह गम्भीर घटना है । लोक सभा के समाचार भाग 2 में आपके आदेशों और अधिकार से विपक्ष के कई नेताओं की गिरफतारी और नजरबंदी की घटनाएं प्रकाशित हुई थीं । श्री कौल ने ऐसा वक्तव्य देकर सभा के विशेषाधिकार को भंग किया है।

अतः, मैं अनुरोध करता हूं कि इस मामले को विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया जाये ।

**अध्यक्ष महोदय** : इस सम्बन्ध में मैं आपका सहयोग चाहता हूं । यदि मैं श्री लिमये को समय देता हूं तो श्री स्वामी तथा अन्य सदस्यों को भी देना पड़ेगा ।

**Shri Madhu Limaye** : That is for you to decide.

**अध्यक्ष महोदय** : यदि मैं इन्हें बोलने का समय देता हूं तो अन्य लोगों को भी समय देना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में मैं कोई चर्चा नहीं चाहता । अब मंत्री महोदय बोलें ।

**The Minister of External Affairs (Sh. Atal Bihari Vajpayee)** : Shri T.N. Kaul was asked to clarify the position about the matter raised by Shri Basu. He has stated that he had no intention to distort the facts. He said that he was giving a talk on television and his statement was based on the information available to him at that time. In his explanation Shri Kaul has also stated that he had not seen the bulletins referred to by Shri Basu. Shri Kaul said that he had not have full information at that time and therefore he gave only that information which he had at that time.

Shri Kaul has further stated that if anyone felt hurt (*Interruptions*).

**श्री ज्योतिर्मय बसु** : कोई देश के लिये झूठ बोल सकता है, किसी व्यक्ति के लिये नहीं (व्यवधान) ।

**Shri Atal Bihari Vajpayee**: He said that if anyone felt hurt on this account it was unfortunate that he had no intention to give a wrong picture. Whatever he said was not based on facts.

**Shri Madhu Limaye** : I am speaking on a point of order. Before taking a decision in this regard, the Speaker has to consider whether this statement of Shri Kaul that he did not have full information, was based on facts and whether the Government of India and the Ministry of External Affairs supplied correct information to Shri Kaul. It is difficult to believe that Shri Kaul did not have full information. The Speaker should not take any hasty decision in this matter and should either call a meeting of the General purposes Committee or invite some of the leaders to his chamber and go deep into the matter. You should not treat this issue as a routine matter ( *Interruption*).

**Shri Atal Bihari Vajpayee**: I would like to add one thing namely, what Shri Kaul said was not based on facts. Whether he has committed any breach of privilege or not is a matter which it is for the Speaker to decide.

**श्री एस० कुंडू (बालासौर)** : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है।

**अध्यक्ष महोदय** : सभी माननीय सदस्य बैठ जायें । मैं सदस्यों से अनुरोध करता हूं कि वे इस मामले को मुझ पर छोड़ दें। मैं इस पर विचार करूंगा । यदि किसी सदस्य को इस बारे में बात करनी है तो वे मेरे कक्ष में आ जाये।

## सभा पटल पर रखे गये पत्र

## PAPERS LAID ON THE TABLE

### सरकारिया आयोग का प्रथम प्रतिवेदन, पर की गयी कार्यवाही का ज्ञापन, हिन्दी संस्करण साथ साथ सभा पटल पर न रख जाने का कारण

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :

(1) जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 की उपधारा (4) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक एक प्रति :—

(एक) तमिलनाड्रू के भूतपूर्व मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्रियों के विरुद्ध आरोपों की जांच करने के लिये गठित किये गये सरकारिया आयोग का प्रथम प्रतिवेदन (भाग 1 और 2)।

(दो) प्रतिवेदन पर की गयी कार्यवाही का ज्ञापन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(तीन) उपर्युक्त प्रतिवेदन का हिन्दी संस्करण साथ-साथ सभा पटल पर न रखे जाने के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

**[ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 20/77]**

### मद्रास नगर पुलिस (संशोधन) अधिनियम, 1976, सीमा सुरक्षा दल अधिनियम, 1968 तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल (संशोधन) नियम, 1977 के अन्तर्गत अधिसूचनायें

**गृह मंत्री (चौधरी चरण सिंह)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) तमिलनाडु राज्य विधान मंडल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, 1976 की धारा 3 की उपधारा (3) के अन्तर्गत मद्रास नगर पुलिस (संशोधन) अधिनियम, 1976 (1976 का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या 39) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 5 नवम्बर, 1976 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था। **[ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 21/77]**

(2) सीमा सुरक्षा दल अधिनियम, 1968 की धारा 141 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) सां० आ० 11(ङ) जो दिनांक 6 जनवरी, 1977 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसमें दिनांक 24 जून, 1976 की अधिसूचना संख्या सां आ० 429 (ङ) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है। **[ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 22/77]**

(दो) सां० आ० 11 (ङ) जो दिनांक 6 जनवरी, 1977 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसमें दिनांक 24 जून 1976 की अधिसूचना संख्या सां० आ० 430 (ङ०) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है। **[ग्रन्थालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 22/77]**

(3) केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल अधिनियम, 1968 की धारा 22 की उपधारा (3) के अन्तर्गत केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा दल (संशोधन) नियम, 1977 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 29 जनवरी, 1977 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 127 में प्रकाशित हुए थे। [**ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 23/77**]

## आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत अधिसूचनायें

**श्रम तथा संसदीय-कार्य मंत्री (श्री रविन्द्र वर्मा)** : मैं आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उपधारा (6) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) चीनी (वर्ष 1976–77 के उत्पादन के लिये मूल्य निर्धारण) आदेश, 1976 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो दिनांक 19 नवम्बर, 1976 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 887 (ङ) में प्रकाशित हुआ था।

(2) सा० सां० नि० 892 (ङ) जो दिनांक 22 नवम्बर, 1976 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसमें दिनांक 24 सितम्बर 1976 की अधिसूचना संख्या सा०सां०नि० 815 (ङ) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है।

(3) सा० सां० नि० 913 (ङ) (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) जो दिनांक 9 दिसम्बर, 1976 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसमें दिनांक 27 अक्तूबर, 1975 की अधिसूचना सख्या सा०सां०नि० 542 (ङ) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है।

(4) सा० सां० नि० 941 (ङ) (अंग्रेजी संस्करण) तथा सा० सां० नि० 942 (ङ) (हिन्दी संस्करण) जो दिनांक 22 दिसम्बर, 1976 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसमें दिनांक 19 नवम्बर, 1976 की अधिसूचना संख्या सा० सां० नि० 887 (ङ) का शुद्धि-पत्र दिया हुआ है। [**ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल टी० 24/77**]

## बैंककारी कम्पनी अधिनियम, 1970 के अन्तर्गत प्रतिवेदन तथा दिल्ली वित्तीय निगम का वर्ष 1975–76 का प्रतिवेदन

**वित्त मंत्री (श्री एच० एम० पटेल)** : मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन तथा अन्तरण) अधिनियम, 1970 की धारा 10 की उपधारा (8) के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रतिवेदनों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखा-परीक्षक का प्रतिवेदन।

(दो) बैंक आफ इण्डिया के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(तीन) पंजाब नेशनल बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(चार) बैंक आफ बड़ौदा के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(पांच) यूनाइटेड कमर्शियल बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(छः) केनरा बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(सात) यूनाइटेड बैंक आफ इण्डिया के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(आठ) देना बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरक्षीक का प्रतिवेदन ।

(नौ) सिंडिकेट बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(दस) यूनियन बैंक आफ इंडिया के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(ग्यारह) इलाहाबाद बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(बारह) इण्डियन बैंक के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(तेरह) बैंक आफ महाराष्ट्र के 31 दिसम्बर, 1975 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखापरीक्षक का प्रतिवेदन ।

(चौदह) इण्डियन ओवरसीज बैंक के 31 दिसम्बर, 1976 को समाप्त हुए वर्ष के कार्यकरण तथा क्रियाकलापों सम्बन्धी प्रतिवेदन, लेखे तथा उन पर लेखा-परीक्षक का प्रतिवेदन ।

[ग्रंथालय में रखा गया देखिये सं० एल० टी० 25/77]

(2) राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 की धारा 38 की उपधारा (3) के अन्तर्गत दिल्ली वित्तीय निगम के वर्ष 1975-76 के वार्षिक प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी सं करण) की एक प्रति आस्तियों तथा दायित्वों का विवरण, लाभ और हानि लेखे तथा लेखा परीक्षक का प्रतिवेदन, जो दिनांक 18 नवम्बर, 1976 के दिल्ली राजपत्र में अधिसूचना संख्या एफ० 6/11/76-फिन (जी) में प्रकाशित हुए थे ।

[ग्रंथालय में रखा देखिये सं० एल० टी० 26/77]

## खान तथा खनिज अधिनियम, 1957 के अन्तर्गत अधिसूचना

**इस्पात और खान मंत्री (श्री बीजू पटनायक)** : मैं खान तथा खनिज (विनियमन और विकास) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उपधारा (1) के अन्तर्गत अधिसूचना संख्या सा० आ० 101 (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक प्रति, जो दिनांक 8 जनवरी, 1977 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी सभा पटल पर रखता हूं । [ग्रंथालय में रखा गया देखिए सं० एल० टी० 27/77]

## तमिलनाडु वेतन भुगतान अधिनियम, 1951 के अन्तर्गत अधिसूचनाओं तथा अधिसूचनाओं को सभा पटल पर रखने में हुये विलम्ब के कारण बताने वाला विवरण

**श्रम तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री रवींद्र वर्मा)**: मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) तमिलनाडु राज्य के सम्बन्ध में राष्ट्रपति द्वारा दिनांक 31 जनवरी, 1976 को जारी की गयी उद्घोषणा के खण्ड (ग) (चार) के साथ पठित तमिल-नाडु वेतन भुगतान अधिनियम, 1952 की धारा 14 की उपधारा (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनयओं (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति :—

(एक) तमिलनाडु विधान मंडल (रेल द्वारा निःशुल्क यात्रा) नियम, 1975 जो दिनांक 29 नवम्बर, 1975 के तमिलनाडु सरकार के राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० ओ० एम० 3744 में प्रकाशित हुए थे ।

(दो) तमिलनाडु, विधायक पेंशन नियम, 1977 जो दिनांक 2 फरवरी, 1977 के तमिलनाडु सरकार राजपत्र में अधिसूचना संख्या जी० ओ० एम० 250 में प्रकाशित हुए थे ।

(2) उपर्युक्त मद (1) (एक) में उल्लखित अधिसूचना को सभा पटल पर रखने में हुए विलम्ब के कारण बताने वाला एक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी सं करण)।

[ग्रंथालय में रखा देखिये सं० एल० टी० 28/77]

**रिचर्डसन एण्ड क्रूडास (1972) लिमिटेड, बम्बई के वर्ष 1975-76 के कार्यकरण की समीक्षा तथा वार्षिक प्रतिवेदन**

**उद्योग मंत्री (श्री बृजलाल वर्मा):** मैं कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 619क की उपधारा (1) के अन्तर्गत निम्नलिखित पत्रों (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) रिचर्डसन एण्ड क्रूडास (1972) लिमिटेड, बम्बई के वर्ष 1975-76 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा ।

(दो) रिचर्डसन एण्ड क्रूडास (1972) लिमिटेड, बम्बई का वर्ष 1975-76 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे तथा उन पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां ।

[ग्रंथालय में रखा देखिये सं० एल० टी० 29/77]

---

## सभा का कार्य
## BUSINESS OF THE HOUSE

**श्रम और संसदीय कार्य मंत्री (श्री रवींद्र वर्मा) :** मैं आज सभा में घोषणा करता हूं कि सोमवार, 4 अप्रैल, 1977 से आरम्भ होने वाले सप्ताह में निम्नलिखित सरकारी कार्य लिया जायेगा:—

(1) राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उपराष्ट्रपति के अभिभाषण पर आगे चर्चा ।

(2) तमिलनाडु और नागालैंड राज्यों में राष्ट्रपति का शासन बनाये रखने सम्बन्धी संकल्पों पर चर्चा ।

(3) काफी, मूंगफली और इलायची पर निर्यात शुल्क बढ़ाने सम्बन्धी संकल्प पर चर्चा ।

(4) कालटेक्स [कालटेक्स आयल रिफाईनिंग (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इंडिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] विधेयक, 1977

**(विचार तथा पास करना)**

(5) पेट्रोलियम पाईपलाइन (भूमि में उपयोग के अधिकार का अर्जन) संशोधन विधेयक, 1977

**(विचार तथा पास करना)**

(6) पूर्वी पंजाब नगरीय किराया नियंत्रण (चण्डीगढ़ संशोधन) विधेयक, 1977

(7) संघ राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 1977

**(विचार तथा पास करना)**

(8) दिल्ली प्रशासन (संशोधन) विधेयक, 1977

**(विचार तथा पास करना)**

(9) आक्षेपणीय सामग्री का प्रकाशन निवारण निरसन विधेयक, 1977

(विचार तथा पास करना)

(10) संसदीय कार्यवाही (प्रकाशन संरक्षण) विधेयक, 1977

(विचार तथा पास करना)

(11) खाद्य निगम (संशोधन) विधेयक, 1977 राज्य सभा द्वारा पास किये गये रूप में ।

(विचार तथा पास करना)

**श्रीमती पार्वती कृष्णन् (कोयम्बटूर) :** खेद की बात है कि कार्य सूची में तमिलनाडु के सम्बन्ध में चर्चा का उल्लेख नहीं है। वहां भारी सूखा पड़ा हुआ है और यह समस्या वहां बार-बार उत्पन्न होती है। गत वर्षों में सूखा राहत राशि का दुरुपयोग किया गया है। इसलिए अगले सप्ताह में इस विषय पर चर्चा की जानी चाहिए।

**श्री के० ए० राजन (त्रिचूर) :** अनिवार्य जमा योजना तथा बोनस पर भी चर्चा की जानी चाहिए ।

**श्री सी० के० चन्द्रप्पन : (कन्नानोर)** हथकरघा उद्योग पर भी चर्चा होनी चाहिए क्योंकि इस उद्योग को सकट का सामना करना पड़ रहा है।

**श्री वयालार रवि (चिरयिनकिल) :** खेद की बात है कि अगले सप्ताह से लिए जाने वाले कार्य की सूची में बुनकरों के लिए धागे के अभाव सम्बन्ध में चर्चा का उल्लेख नहीं किया गया है। केरल के बुनकर इससे प्रभावित हो रहे हैं। इस विषय को कार्य सूची में शामिल किया जाना चाहिए।

**Shri Janeshwar Mishra (Allahabad)** We have come to know that the Ministry for Agriculture is going to finalise the procurement price of Rabi Crop in Consultation with representatives of State Government. It is a matter of Concern for farmers. we want the Minister for Agriculture to give a Statement in the House in this regard and there should be discussion on this subject. Fair price should be given to farmers for their Crops.

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्यों द्वारा उल्लिखित विषयों पर मंत्री महोदय गौर करेंगे ।

---

## कालटैक्स [कालटैक्स आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इण्डिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन विधेयक]

## CALTEX [ACQUISITION OF SHARES OF CALTEX OIL REFINING (INDIA) LIMITED AND OF THE UNDERTAKINGS IN INDIA OF CALTEX (INDIA) LIMITED] BILL.

**पैट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) :** मैं प्रस्ताव करता हूं कि लोक हित में कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड के शयरों के अर्जन का और भारत में कालटेक्स (इण्डिया) लिमिटेड के उपक्रमों के सम्बन्ध में उसके अधिकार;

हक और हित के अर्जन और अन्तरण का तथा उसके द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत में कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा उत्पादित तथा उक्त उपक्रमों द्वारा विपणित और वितरित पेट्रोलियम उत्पादों के स्वामित्व और नियन्त्रण का ऐसा वितरण हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम साधन हो, उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाये।

**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि लोक हित में कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड के शयरों के अर्जन का और भारत में कालटक्स (इण्डिया) लिमिटेड के उपक्रमों के सम्बन्ध में उसके अधिकार, हक और हित के अर्जन और अन्तरण का तथा उसके द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत में कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड द्वारा उत्पादित तथा उक्त उपक्रमों द्वारा विपणित और वितरित पेट्रोलियम उत्पादों के स्वामित्व और नियंत्रण का ऐसा वितरण हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम साधन हो, उपबन्ध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाय।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

**The motion was adopted**

**श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा** : मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूं।

---

## कालटेक्स [कालटेक्स आयल रिफाइनिंग (इंडिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इंडिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] अध्यादेश, 1976 के बारे में वक्तव्य

STATEMENT re. CALTEX [ACQUISITION OF SHARES OF CALTEX OIL REFINING (INDIA) LIMITED AND OF THE UNDERTAKINGS IN INDIA OF CALTEX (INDIA) LIMITED] ORDINANCE, 1976

**श्री एच० एन० बहुगुणा** : मैं कालटेक्स [कालक्टेस आयल रिफाइनिंग (इण्डिया) लिमिटेड के शेयरों तथा कालटेक्स (इण्डिया) लिमिटेड के भारत में उपक्रमों का अर्जन] अध्यादेश, 1976 द्वारा तुरन्त विधान बनाए जाने के कारण बताने वाला एक व्याख्यात्मक विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी सस्करण)

सभा-पटल पर रखता हूं।

*[Placed in Library see No. L. T. 30/77]*

---

## उपाध्यक्ष का निर्वाचन

## ELECTION OF DEPUTY SPEAKER

**श्री यशवन्तराव चव्हाण** (सतारा) : मैं प्रस्ताव करता हूं।

"कि श्री गोडे मुराहरि को, जो इस सभा के सदस्य हैं, इस सभा का उपाध्यक्ष चुना जाए"

**संसदीय कार्य तथा श्रम मंत्री (श्री रवीन्द्र वर्मा)** : मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न यह है :

"कि श्री गोडे मुराहरि को, जो इस सभा के सदस्य हैं, इस सभा का उपाध्यक्ष चुना जाए।"

**प्रस्ताव स्वीकृत हुआ**

*The motion was adopted*

---

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैं श्री गोडे मुराहरि को उन के उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई देता हू। मैं उन्हें यह आश्वासन देता हूं कि सदन के सभी सदस्यों से उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा।

**श्री यशवन्त राव चव्हाण** : मैं श्री गोडे मुराहरि को बधाई देता हू। श्री मुराहरि सदन के लिए नए नहीं हैं। वह राज्य सभा के उपसभापति रह चुके हैं। मुझे आशा है कि वह सदन की परम्परा को बनाए रखेंगे।

**श्री समर मुखर्जी** : (हावड़ा) : मैं मार्क्सवादी दल की ओर से श्री मुराहरि को बधाई दता हूं। हमारा दल उनको पूरा सहयोग देगा।

**श्रीमती पार्वती कृष्णन्** (कोयम्बटूर) : मैं साम्य वादी दल की ओर से श्री मुराहरि को बधाई देती हूं और यह आश्वासन देती हूं कि हमारा दल उनको पूरा सहयोग देगा।

**श्री इब्राहीम सुलेमान सेट** (मंजेरी) : मैं मुस्लिम लीग की ओर से श्री मुराहरि को बधाई देता हूं। उन्होंने राज्यसभा में उपसभापति के रूप में अच्छा कार्य किया है। मुझे आशा है कि वह सभी दलों के साथ न्याय करेंगे। मैं उनकी सफलता की कामना करता हूं।

**अध्यक्ष महोदय** : मैं श्री गोडे मुराहरि को उनके उपाध्यषक्ष चुने जाने पर बधाई देता हूं। उन्हें ससदीय जीवन का पर्याप्त अनुभव है। अनुभवी सहयोगी को पाकर मुझे बहुत संतोष हुआ है। पीठासीन अधिकारियों को निष्पक्षता से कार्य करना होता है ताकि सदन के सभी वर्ग आश्वस्त हों। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सदन के सभी वर्गों को बोलने का पूरा अवसर दिया जाए।

**श्री गोडे मुराहरि** (विजयवाड़ा) : मैं अपने सभी सहयोगियों का आभारी हूं।

मुझे पता है कि उपाध्यक्ष को निष्पक्ष रूप से कार्य करना पड़ता है और मैं इस ओर प्रयत्नशील रहूंगा। मैं सदन के किसी विशिष्ट वर्ग से नहीं बल्कि सभी वर्गों से सम्बन्धित हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि आप मेरे मार्ग दर्शक करेंगे।

स्वतन्त्र और निस्पक्ष चुनाव के माध्यम से प्रजातन्त्र का परीक्षण किया गया है। मुझे विश्वास है कि जन आकांक्षाओं का आदर किया जाएगा। हमारा कार्य बहुत नाजुक होता है

[श्री गौड़ मु. हर्ि.]

क्योंकि हमें सदन की कार्यवाही एव सदन में बाहर जन आकांक्षाओं में सन्तुलन स्थापित करना होता है। मैं इस बात के लिए प्रयत्नशील रहूंगा कि सदन में जन आकांक्षाए प्रतिबिम्बित हों। मुझे आशा है कि सदन के सभी वर्ग मुझे पूरा सहयोग देंगे। पीठासीन अधिकारी के संरक्षण की आवश्यकता न केवल सत्तारूढ़ दल के सदस्यों बल्कि प्रतिपक्ष के सदस्यों को भी होती है। मैं अपना कर्त्तव्य निभाते समय इन सब बातों का ध्यान रखूंगा।

मैं बधाई देने वाले सदस्यों को एक बार फिर से धन्यवाद करता हूं।

---

## राष्ट्रपति के रूप में कार्य करते हुए उपराष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव

## MOTION OF THANKS ON THE ADDRESS BY THE VICE PRESIDENT ACTING AS PRESIDENT

अध्यक्ष महोदय : अब हम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर आगे चर्चा करेंगे।

**Shri Y. P. Shastri** (R w.) The Janta Party has rightly promised to pursue a policy of genuine non- alignment. The party will raise its voice against violation of Human rights.

Yesterday , I heard the Leader of the opposition saying that in the 42nd Amendment they have accepted the supermacy of parliament and that they will not go back upon it. This is rather amazing. What have they done for the spupermacy of parliament in the Amendment? During the last 20 months what was said in Parliament was not allowed to be published in the newspapers. Is that the way they hance defended the supermacy of Parliament ? The President has clarified that efforts will be made to mai tain balance between people and parliament and Parliament and judiciary.

The first person to uphold parliaments supermacy was shri Nath Pai. Shri Nath pai had brought a resoution for that purpose and also an amendment of the Constitution. At that time the Congress party had not supported the move for quite sometime. Therefore, it does not behave the Leader of the party to make the tall claim that the have uphold the supermacy of Parliament. In the 42nd Amendment. The fact is that they have neiteher upheld the supermacy of parliament not the supermacy of the people and the sanctity of the Constitutionl What they had actually done was th t they had taken away all the rights of the people. This is some thing which can never be imagined in a democracy.

The Janta party Government want to bring about some changes in the Constitution to fulfil the aspirations of the people. Let the congress Party see which way the wind is blowing and support that move.

The Leader of the opposition talk about the progress made by our Country. But the is it not a fact that there is growing unemployment in the Country and people are dying of starvation? Is it also not a fact that a number of jute mills have been closed and lakhs of textile mill workers are facing unemployment ?

I expect the Janata Government to pay attention to a balanced development of all the region of the Country. There are some regions where there are no means of irrigation, no industries and no railway lines. This state of affair shou.d be rectified.

With these works, I support the Motion of Thanks.

श्री के॰ लकप्पा (तुमकुर) : अधिकांश वक्ताओं ने चुनाव परिणामों की ही बात की है और कांग्रेस सरकार के अच्छे कार्यों पर कीचड़ उछाला है।

इसमें कोई सदेह नहीं कि नई सरकार सात दिन की अवधि में कुछ नहीं कर सकती। प्रधान मंत्री ने पद सभालते ही वक्तव्य दिया है कि जन आकांक्षाओं का आदर किया जाएगा।

हमें न ही किसी प्रकार की ईष्या है और न ही हममें किसी प्रकार के बदले की भावना है । परन्तु अधिकांश सदस्यों ने जो यहां भाषण दिये हैं उनमें भूतपूर्व सरकार को जली कटी सुनाने का प्रयत्न किया गया है । माननीय सदस्यों को यह नहीं भूलना चाहिये कि कांग्रेस वही पार्टी है जिसमें श्री मोरारजी देसाई तथा श्री जगजीवन राम वरिष्ट नेता हाल तक थे । उन्हें यह कहने का कोई अधिकार नहीं कि कांग्रेस पार्टी ने देश का सत्यानाश कर दिया है तथा संविधान को तहस नहस कर डाला है । उन्हें यह याद रखना चाहिये कि श्री मोरारजी देसाई ने प्रधान मंत्री बनने के बाद यह कहा था कि वह भूतपूर्व सरकार के कृत्यों को पक्षपातपूर्ण ढंग से नहीं देखगें। उन्हे उनका वह आश्वासन नहीं भूलना चाहिये ।

**प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : मैंने इस प्रकार का आश्वासन नहीं दिया था परन्तु हां मैंने इतना अवश्य कहा था कि बदले की भावना से कोई कायवाही नहीं की जायेगी ।

**अध्यक्ष महोदय** : श्री लकप्पा मैं समझता हूं कि व्यक्तिगत रूप से किसी के विरुद्ध कुछ नहीं कहा गया है । हां सरकार की नीतियों की अलोचना अवश्य की गई है । आप अपना भाषण जारी रखें ।

**श्री के० लकप्पा** : राष्ट्रपति के अभिभाषण में भूतपूर्व सरकार की नीतियों को तोड़ फोड़ कर प्रस्तुत किया गया हैं । अभिभाषण में जनता पार्टी के कार्यक्रमों तथा नीतियों के बारे में भी स्पष्ट रुप से कुछ नहीं कहा गया है । मैं समझता हूं कि जनता पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में लोगों को जो कार्यक्रम सुझाये थे, उनका उल्लेख अभिभाषण में किया जाना चाहिये था ।

मेरे माननीय मित्र श्री हेगड़े ने कहा है कि भूतपूर्व सरकार ने जनता की भलाई के लिए कुछ भी नहीं किया है । वास्तव में एसा कहना ठीक नही है । भूतपूर्व सरकार ने जो अच्छे कार्य किये हैं, हमें उनकी सराहना को करनी ती चाहिये, उनका श्रेय सरकार को देना ही चाहिए, क्या यह स्वीकार करने से कोई इंकार कर सकता है कि आपात स्थिति के दौरान उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है ? क्या आप यह मानने से इन्कार कर सकते हैं कि आपात स्थिति के दौरान देश में अनुशासन नहीं बढ़ा । क्या कोई यह कह सकता है कि 20 सूत्री कार्यक्रम एक व्यर्थ बात थी । वर्ष 1975–76 में मुख्य उद्योगों का उत्पादन सूचकांक 91.5 से बढ़कर 102.7 हो गया । इसी प्रकार कोयले का उत्पादन 12 प्रतिशत बढ़ गया तथा उर्वरकों के उत्पादन में भी 15.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई । अतः केवल यह कहना कि आपात स्थिति के दौरान कोई आर्थिक उपलिब्धयां नहीं हुई बिल्कुल बे बुनियाद है ।

[उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुय]

[Mr. Deputy Speaker in the chair]

मेरे माननीय मित्र श्री कर्पूरी ठाकुर ने कहा है कि भूमि का वितरण नहीं किया गया है उनकी जानकारी के लिए मैं सदन को इस तथ्य से अवगत करता हूं कि भूमि सीमा नियम के अन्तर्गत

